हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज


भोपाल, गुरुवार 27 जून 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 4.26 करोड़ के अनियमित भुगतान के चलते दो...



07 मरीज का आरोपः आंखों के ऑपरेशन के बाद जो ...



## खबर संक्षेप में

### नलखेड़ा तहसीलदार के पद पर परमार पदस्थ

**नलखेड़ा।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने प्रशासनिक कार्य के दृष्टिगत आगर-मालवा जिले में पदस्थ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना की है। जारी आदेशानुसार प्रेमनारायण परमार की तहसीलदार नलखेड़ा के रूप में नवीन पदस्थापना की है। इसी तरह प्रभारी तहसीलदार नलखेड़ा प्रीति भिंसे को कार्यालय भू-अभिलेख (स्वामित्व एवं पीएम किसान, सीएम किसान संबंधी कार्य), नायब तहसीलदार वृत्त तनोड़िया रामेश्वर दांगी को नायब तहसीलदार सुसनेर, प्रभारी नायब तहसीलदार सोयतकला भागीरथ चौहान को नायब तहसीलदार तनोड़िया, नायब तहसीलदार सुसनेर राजेश श्रीमाल को नायब तहसीलदार सोयतकलां, नायब तहसीलदार बड़ांगाव चन्द्रशेखर परमार को नायब तहसीलदार कानड़, नायब तहसीलदार कानड़ पुलकित जैन को नायब तहसीलदार बड़ागांव एवं नायब तहसीलदार झोंटा अरूण चंद्रवंशी को कार्यालय भू-अभिलेख (सीएम हेल्पलाईन संबंधी कार्य) में नवीन पदस्थापना की गई है।

### प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम 30 को

**नलखेड़ा।** केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का फिर से प्रसारण प्रारंभ किया जा रहा है। नई सरकार के रूप में प्रधानमंत्री का पहला प्रसारण 30 जून को होने जा रहा है। भाजपा द्वारा इस कार्यक्रम को टीवी के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को दिखाने के लिए रूपरेखा बनाई गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया ने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण 30 जून को होने जा रहा है। नलखेड़ा मंडल के अंतर्गत आने वाले 89 मतदान केंद्रों के साथ विधानसभा क्षेत्र के सभी 307 मतदान केंद्रों पर पार्टी कार्यकर्ता नागरिकों और ग्रामीण जन के साथ बैठकर टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनेंगे। उन्होंने बताया कि नलखेड़ा मंडल के लिए मन की बात कार्यक्रम के प्रभारी रितेश सोनी को बनाया है।

### कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर शासन ने निर्देश जारी किया

**नलखेड़ा** प्रदेश शासन द्वारा आदेश में सभी शासकीय कार्यालयों के कार्यालयीन समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक नियत किया गया है। इसमें सभी शासकीय कर्मियों को निर्धारित समय पर अपने कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव अक्षय कुमार सिंह द्वारा 26 जून को निर्देश जारी कर प्रदेश के समस्त शासकीय कार्यालय के कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक नियत किया गया है। निर्देशानुसार सभी शासकीय कर्मियों से प्रतिदिन कार्यालय प्रारंभ होने के निर्धारित समय सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अपने अधीनस्थों को भी इसके लिए निर्देशित करने का अनुरोध कियाहै।

### पार्किंग समस्या से निपटने का नपा के पास इंतजाम नहीं

**सीहोर।** बाजार में खरीदारी करने जाते समय आपको सड़कों पर खड़ी गाड़ियों की वजह से कई बार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि बड़ा बाजार सहित कई इलाकों में पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं की गई है। शहरवासियों को मजबूरन अपनी गाड़ियों को दुकान एवं किसी घर और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बाहर खड़ी करना पड़ रही है। शहर में बढ़ती यातायात एवं पार्किंग समस्या से निजात दिलाने का प्रयास प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया है। जिसका खामियाजा सीहोर शहर के लोगों को उठाना पड़ रहा है। समस्या से अवगत होने के बावजूद जिम्मेदारों द्वारा इसका समाधान पिछले कई वर्षों से नहीं निकाला।

---

### विवाह सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान वर्चुअली शामिल हुए, वर-वधुओं को दिया आशीर्वद

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 356 वर-वधुओं ने लिए सात फेरे, 11 जोड़ों ने निकाह कबूला

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर बहन को बनाएंगे लखपति : केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत भैरूंदा के पिपलानी सामूहिक विवाह सम्मेलन में 367 वर-वधुओं का विवाह धूमधाम से विवाह संपन्न हुआ। 356 वर-वधुओं ने अग्नि को साक्षी मानकर लिए 7 फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंध कर बेटियों का विवाह सम्पन्न कराया, वहीं 11 बेटियों का निकाह हुआ। सामूहिक विवाह सम्मेलन में गोंड समाज 212 जोड़े, कोरकू समाज 128 जोड़े, मुस्लिम समाज 11 जोड़े, अन्य समाज के 16 जोड़े 367जोड़ों के वर-वधुओं का विधि विधान से तथा पूरे रीति रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान, रमाकांत भार्गव पूर्व सांसद, बागली विधायक मुरली भंवरा सहित सामूहिक विवाह सम्मेलन शामिल हुए और वर वधुओं को फूलो की वर्षा कर स्वागत किया एवं 11 जोड़ों को 49 हज़ार का चेक देकर आशीर्वाद दिया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली से वर्चुअली माध्यम से वर-वधुओं को आर्शीवाद दिया। कहा मामा की दुआ लेती जा जा तुझको सुखी परिवार मिले। नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विवाह एक पवित्र संस्कार है,पवित्र बंधन है। आपस में मिल-जुल कर साथ रहें। पति पत्नी के बीच का विश्वास नहीं तोड़ना चाहिए। विवाह से दो शरीर एक आत्मा हो जाते हैं। दोनों परिवारों का नाम रोशन करें। सुख और शांति पूर्वक रहें।




**शिवराज सिंह चौहान केंद मंत्री :** जल्दी में आपके बीच आऊंगा मेरा मन भी आप से मिलने को तरस रहा हैं एक बार फिर सभी बेटियो, दमादो को मेरा आशीर्वाद।

पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव ने सम्मेलन समारोह स्थल पर वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया और उन्हें नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रमाकांत भार्गव ने कहा कि प्रदेश के रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर माता-पिता की बेटियों की शादी धूमधाम से हो रही है। आज मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव द्वारा बेटियों के जन्म से लेकर विवाह तक के लिए चलाई जा रही योजनाओं के कारण आज मध्यप्रदेश में बेटियां बोझ नहीं है, बल्कि वास्तव में लक्ष्मी है।

**कार्तिकेय सिंह चौहान:** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में एक विशाल आयोजन पिपलानी पावन धरती में किया जा रहा हो मैं सभी जोड़ों को ढेर सारी शुभकामनाएं बधाई और राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट करता हूं। भगवान से प्रार्थना करता हूं सभी को खुशहाली दे सभी के जीवन में खुशियां भर एक सफल वैवाहिक जीवन सभी जोड़े बनाएं।

**मुरली भंवरा विधायक बागली :** विवाह एक परंपरा है ऐसे ही परंपरा पर्यावरण को बड़ाने की भी है जिन बर बाधुओ ने सात फेरे लिए एवं सात वाचन लिए है उसी प्रकार एक वचन उनको एक वृक्ष लगाने का लेना होंगा जिससे हमारा पर्यावरण बड़े और बना रहे।



### सभी जोड़ों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी

मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन में सभी जोड़ों और उनके साथ आए अतिथियों मेहमानों को भोजन पानी की व्यवस्था कराई गई थी एवं जोड़ों सभी अतिथियों को ठंडा पानी की सुविधा उपलब्ध कराई। सामूहिक विवाह सम्मेलन में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और स्वास्थ के लिए दोनों विभागों के आधिकारी कर्मचारी रहे मौजूद। पुलिस प्रशासन और स्वास्थ विभाग अमला मोजूद रहा किसी को कोई भी तरह की असुविधा न हो। सामूहिक विवाह सम्मेलन शामिल हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर रामाकांत भार्गव पूर्व सांसद, गुरु प्रसाद शर्मा, रवि मालवीय जिलाध्यक्ष, रघुनाथ सिंह भाटी, मुरली भंवरा विधायक बागली, राजेंद्र सिंह राजपूत,निर्मला बरेला, मंजू अवध नारायण पटेल, लखन यादव जिलापाध्यक्ष, गोपालपुरमण्डल अध्यक्ष दिनेश शर्मा,सुनील बरेला, दुलारी बाई, देवी सिंह धुर्वे, विनीता पर्वत सिंग, एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, तहसीलदार सौरभ शर्मा, जनपद सीईओ प्रबल अजेरिया, एसडीओपी दीपक कपूर, थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह मौजूद थे।

---

# वेतन को तरसे सीखो कमाओ योजना के तहत रोजगार से लगे कई युवा

### कंपनियों ने दिया दो माह में नौकरी से निकालने का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सैकड़ों युवाओं को दो माह के अंदर नौकरी से निकालने का कंपनी ने अल्टीमेटम दे दिया है। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से प्रशिक्षण लेते हुए काम करने वाले अनेक शिक्षित युवक वापस बेरोजगार होने की कगार पर पहुंच गए हैं। सीखो कमाओ योजना के प्रशिक्षार्थी तीन माह से मानदेय को भी तरस गए हैं। हैरान परेशान कई युवाओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मंगलवार को भारतीय युवा समिति प्रदेशाध्यक्ष जनम सिंह परमार के नेतृत्व में जनसुनवाई में दौरान डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत और अम्बेडकर आईटीआई संस्थान के अधीक्षक को ज्ञापन दिया है।



मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के प्रशिक्षार्थियों ने बताया कि माह अप्रैल एवं मई का स्टायफंड का भुगतान कंपनी ने अबतक नहीं किया गया है। जिस कारण घर परिवार चलाना काफी मुश्किल हो गया है प्रशिक्षार्थी खर्च के पैसों को भी तरस गए हैं। स्वयं का पेट्रोल बाइक चलाकर नौकरी करने के लिए विवश हो रहे है इस के बाद भी कंपनी ने अगस्त माह से नौकरी से बाहर करने का अल्टीमेटम दे दिया है कंपनी के अधिकारियों का कहना है की कुल एक वर्ष के लिए हीं अनुबंध किया गया है।

प्रशिक्षार्थी जितेंद्र मालवीय ने कहा कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के प्रशिक्षार्थियों के साथ सरकार धोकाधड़ी कर रही है नियमित रोजगार देने का वादा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा किया गया था लेकिन अब चुनाव समाप्त होने के बाद ही योजना से जुड़कर बेरोजगारों को रोजगार देने वाली कंपनियां युवाओं को नौकरी से निकालने का अल्टीमेटम दे रही है। योजना अंतर्गत रोजगार से लगे युवकों को मानदेय भी काफी कम दिया जा रहा है प्रतिमाह 8 हजार रूपये मानदेय में घर चलाना काफी मुश्किल होता है। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के प्रशिक्षार्थी रविंद्र, सचिन वर्मा, अंकूर सेन, विपिन, शुभम वर्मा, नीलू वर्मा, गोलू वर्मा, आदेश कुमार, दिव्यांशू सोनी, अनिल वर्मा, अंकित वर्मा, अशोक कुमार, सुनील वर्मू, संजय मालवीय, निखिल वर्मा, रवि वर्मा, राहूल वर्मा, जितेंद्र परमार ने जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत मुख्यमंत्री सीखो कमाओं योजना के प्रशिक्षार्थियों को मार्च, अप्रैल, मई जून माह का स्टायफंड भुगतान कराने और योजना अंतर्गत रोजगार से लगे युवाओं को नौकरी से नहीं निकालने कंपनियों को आदेशित करने की मांग कलेक्टर से की है।

---

# करलत में एक ही परिवार के दो पक्षों में विवाद : खेत में खंभे गढ़ाने को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे, 6 घायल

**सीहोर।** सीहोर जिले की अहमदपुर पंचायत क्षेत्र में दो पक्षों में विवाद हो गया। जमीन को लेकर हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। दोनों पक्ष एक ही परिवार के हैं। मारपीट के बाद दोनों ने अहमदपुर थाना पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कराया। यह विवाद रविवार को हुआ। दोनों में मारपीट का वीडियो मंगलवार को सामने आया। इसमें दोनों पक्ष एक दूसरे पर लाठियों से प्रहार करते दिख रहे हैं। वीडियो में महिलाएं भी दिख रही हैं। विवाद रसूलपुरा पंचायत के ग्राम करलत में हुआ।

एक पक्ष खेत में तार फेंसिंग के लिए खंभे गाढ़ रहा था। दूसरा पक्ष ने वहां जाकर खंभे गढ़ने का विरोध किया। इस बात को लेकर दोनों ही पक्ष के लोग आपस में विवाद करने लगे और देखते ही देखते विवाद में उग्र रूप धारण कर लिया, जिसका वीडियो मंगलवार सुबह सामने आया है।

### विवाद में दोनों पक्षों के 6 लोग घायल हुए

विवाद एक पक्ष के मोहन कुमार और दूसरे के गोपाल कुमार के परिवार के बीच हुआ। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर खेत पर पहुंचे। एक दूसरे के साथ मारपीट की।

दोनों पक्षों के 3-3 लोग घायल हुए हैं। तीन घायलों को परिजन सीहोर ले गए थे। अहमदपुर पुलिस में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

### तहसील क्षेत्र में अभी तक हल्की बारिश ही हुई, मानसून का इंतजार

# बोवनी के लिए खेत तैयार कर बारिश के इंतजार में किसान

**नलखेड़ा।** तहसील क्षेत्र में बुधवार तक मानसून की दस्तक नहीं हुई है। किसान बोवनी के लिए अपने खेत तैयार कर झमाझम बारिश के इंतजार में हैं। क्षेत्र में अभी तक मानसून की बारिश नहीं हुई है। अभी तक छुट पुट हल्की बारिश दर्ज की गई है। क्षेत्र में अमूमन 15 से 25 जून तक मानसून की बारिश हो जाती है, लेकिन इस वर्ष 26 जून निकल जाने के बाद भी मानसून का इंतजार है। कृषि पर आधारित तहसील क्षेत्र में किसान खरीफ फसल की बोवनी के लिए अपने खेत तैयार कर चुके हैं। अब उन्हें एक झमाझम बारिश का इंतजार है जिससे वे बोवनी का कार्य कर सकें। गौरतलब है कि क्षेत्र में हल्की बारिश के बाद कुछ किसानों द्वारा कुछ बोवनी भी की गई है, लेकिन अभी तक बोवनी लायक बारिश नहीं होने के कारण अधिकांश किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है।



---

# किले की दीवार से गिरी गाय, गंभीर घायल हुई

### गाय के गिरने की यह पांचवीं घटना है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में स्थित किले की दीवार से गाय गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका रहवासियों द्वारा उपचार कराया गया। गत कुछ माह में इस प्रकार की यह पांचवीं घटना है। बुधवार को नगर में स्थित पुरातन किले की दीवार से गिरकर एक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल रहवासियों द्वारा पशु चिकित्सक को बुलाकर गाय का उपचार करवाया गया। चिकित्सक के अनुसार गाय की रीढ़ की हड्डी एवं पैर की हड्डी टूट गई है। गाय जिस स्थान से गिरी है वहां की ऊंचाई लगभग 20 से 25 फीट है।

रहवासियों के अनुसार किले की दीवार पर किसी भी प्रकार के सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से गत कुछ माह में गाय के गिरने की यह पांचवीं घटना है। गोवंश दीवार पर उगी घास खाने जाती है जहाँ नीचे की ओर सुरक्षा की दृष्टि से कोई दीवार अथवा फेसिंग नहीं होने से गाय नीचे सड़क पर गिर जाती है। रहवासियों द्वारा प्रशासन से इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए किले की दीवार पर सुरक्षा के इंतजाम करवाने की मांग की है।



---

### नशा मुक्ति रैली निकाली, शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया

# लोकगीतों के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार 26 जून अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति रैली एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नशामुक्ति रैली का शुभारंभ स्थानीय गांधी उपवन से प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय किरण वरवड़े के मार्गदर्शन अनुसार शाखा प्रभारी निलेश झासिया एवं जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिनिधि चौहान ने किया। जिसमें अधिकारी कर्मचारीगण सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अनेक खेल प्रतिभाओं ने सहभागिता की।







रैली के समापन के दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम अंतर्गत नशामुक्ति के लिए शपथ ग्रहण का कार्यक्रम कंपनी गार्डन नवीन हॉल परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शाखा प्रभारी झांसिया ने बताया कि आज का आयोजन डब्ल्यूएचओ की थीम (सबूत स्पष्ट है कि रोकथाम में निवेश करें ) पर आधारित है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम अंतर्गत नशा मुक्ति शपथ ग्रहण के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध राष्ट्रीय कबीर भजन गायक बाबूलाल धौलपुरे और दिनेश कुमार धोलपुरे मालवी लोकगीत भजन मंडल ग्राम झोंकर द्वारा नशा मुक्ति अभियान पर आधारित गीत भजन एवं पारंपरिक लोक भजनों की प्रस्तुति दी गई। धौलपुरे टीम में संगीतकार राजेश धौलपुरे, आदर्श धौलपुरे, कचरुलाल गोयल, भागीरथ परमार, मनोहर मोबिया आदि कलाकार शामिल रहे। जिसमें नशे में गाफिल क्या फिरे ओर क्या सोया गणगौर ,नशा करना छोड़ दो यह मनुष्य जनम अनमोल आदि दोहों पर गीतों की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में सीएमएचओ प्रतिनिधि चौहान, खेल विभाग से पाटीदार, समग्र अधिकारी राजू अहिरवार एवं भारत विजयपुरिया सहित अनेक गणमान्यजन ने सहभागिता की।

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने आरोपियों को किया जिलाबदर

**देवास।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत तीन आरोपियों को अपराधिक गतिविधियों में संलग्न होने पर जिला बदर किया है। जिसमें आरोपी भरतलाल उर्फ बबली पिता रामभरोस उम्र 34 साल निवासी दीपगांव थाना खातेगांव को एक वर्ष के लिए जिला बदर किया है तथा उदय उर्फ बिट्टू पिता महेन्द्र नागर उम्र 20 साल निवासी रणायल टोंकखुर्द और सीताराम पिता राधेश्याम उम्र 40 साल निवासी काटकुट थाना कन्नौद को छः-छः माह के लिए जिला बदर किया है। कलेक्टर ने आदेश दिया है कि आरोपी 24 घण्टे के भीतर जिला तथा जिला दंडाधिकारी न्यायालय की बिना पूर्व अनुज्ञा के प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### शीलनाथ महाराज के भजन की शूटिंग आज

**देवास।** श्री योगी शीलनाथ महाराज की पावन लीलाओं को तथा माँ चामुंडा के प्रति अगाध भक्ति को भजन के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रयास देवास के प्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री जी ने किया है। लगभग 3 महीने से गुरुदेव की लीलाओं को समझने सुनने और पढ़ने के बाद भजन लेखक जयंत सांखला ने इस भजन को लिखा और गौतम गाडोईया ने इसे संगीतबद्ध किया। गुरूवार को पवित्र मल्हार धुनी संस्थान मल्हार रोड पर फिल्माया जाएगा।

### कलेक्टर के निर्देश पर विभाग के नोडल अधिकारी शर्मा ने कराई एफआईआर

# 4.26 करोड़ के अनियमित भुगतान के चलते दो पूर्व सीएमएचओ सहित 9 पर एफआईआर

मार्च माह में अनियमितता का मामला सामने आने के बाद संयुक्त संचालक कोषालय एवं लेखा उज्जैन ने जांच की थी। इस दौरान कार्यालय सील भी किया गया था।




हरिभूमि न्यूज ⏭देवास

जिले के सीएमएचओ कार्यालय में हुई करोड़ों रुपए की अनियमितता के मामले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा रिपोर्ट के अध्ययन के बाद मंगलवार देर रात कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की गई। मंगलवार देर रात 4.26 करोड़ रुपए के अनियमित भुगतान के मामले में स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी अभिषेक शर्मा की रिपोर्ट पर देर रात पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। इसमें दो पूर्व सीएमएचओ, एक टीकाकरण अधिकारी, 3 बाबू व 3 अस्पताल कर्मचारी है। उल्लेखनीय है कि मार्च में अनियमितता का मामला सामने आने के बाद संयुक्त संचालक कोषालय एवं लेखा उज्जैन ने जांच की थी। इस दौरान सीएमएचओ कार्यालय सील भी किया गया था। लगभग तीन माह की जांच के बाद संयुक्त संचालक कोषालय उज्जैन ने रिपोर्ट कलेक्टर गुप्ता को प्रस्तुत की थी। इसके बाद कलेक्टर गुप्ता ने पिछले डेढ़ सप्ताह से अधिक समय से रिपोर्ट का अध्ययन कराया। जांच पूरी होने के बाद मंगलवार रात कोतवाली पुलिस ने पूर्व सीएमएचओ डॉ.एमपी शर्मा,डॉ. विष्णुलता उइके, कुछ समय सीएमएचओ के प्रभार में रहे व टीकाकरण अधिकारी डॉ. कैलाश कल्याणे, ऑपरेटर प्रकाश साठे, रवि वर्मा, अश्विन सुर्यवंशी व कर्मचारी अंकित घाडगे, योगेश कहार, पंकजसिंह गुर्जर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आगामी दिनों में और भी नामों पर एफआईआर होने की उम्मीद है।

#### इन पर दर्ज हुई एफआईआर

प्रारंभिक जांच और पुलिस को दिए गए आवेदन के आधार पर, कोतवाली पुलिस ने पूर्व सीएमएचओ एमपी शर्मा, विष्णुलता उइके, टीकाकरण अधिकारी डॉ. कैलाश कल्याणे, ऑपरेटर प्रकाश साठे, रवि वर्मा, अश्विन सूर्यवंशी और जिनके खातों में पैसे जमा हुए उन कर्मचारियों अंकित घाडगे, योगेश कहार, पंकजसिंह गुर्जर के खिलाफ मामला दर्ज किया है

#### 76 लेनदेन का मामला

मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में, कलेक्टर गुप्ता ने इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच में 4.26 करोड़ रुपए का अनियमित भुगतान पाया गया है। जिसमें कुल 74 लेनदेन शामिल हैं। अभी तक 1.32 करोड़ रुपए की वसूली हो चुकी है और वसूली की कार्रवाई जारी है। ये अनियमितताएं वर्ष 2018-2019 से 2022-2023 के बीच की हैं। जांच में कुल 74 लोग दोषी पाए गए हैं, जिनमें से 9 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। अब बाकी 65 लोगों की जांच की जाएगी और आवश्यकता होने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी अभिषेक शर्मा की रिपोर्ट पर देर रात पुलिस ने यह कार्रवाई की। आरोपियों में दो पूर्व सीएमएचओ, एक टीकाकरण अधिकारी, तीन बाबू और तीन अस्पताल कर्मचारी शामिल हैं। मार्च में सामने आए इस मामले की जांच के दौरान संयुक्त संचालक कोषालय उज्जैन की टीम ने सीएमएचओ कार्यालय को सील कर दिया था। अब करीब ढाई महीने की जांच के बाद उन्होंने कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद कलेक्टर गुप्ता ने पिछले सप्ताह से रिपोर्ट का विस्तृत अध्ययन करवाया और जांच पूरी होने पर मंगलवार रात एफआईआर के लिए आवेदन दिया गया।

## एक्टिवा दीवार से टकराने से छात्र की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭देवास

घर से कोचिंग जा रहे एक छात्र का एक्टिवा वाहन बेकाबू होकर दीवार से जा टकराई। जिसमें छात्र को गंभीर चोट लगी।

हादसा मंगलवार शाम को हुआ। हादसे के बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से छात्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विश्वराज पिता अजय सिंह उम्र 17 निवासी गौरव नगर अपने घर से एक्टिवा वाहन से मंगलवार शाम को कोचिंग जाने के लिए निकला था तभी चाणक्यपुरी के समीप उसका वाहन अनियंत्रित होकर दीवार से जा टकराया जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया।घटना के बाद उसे 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि विश्वराज 12वीं कक्षा का छात्र था और कोचिंग जाने से पहले अपने किसी मित्र को लेने चाणक्यपुरी गया था लेकिन उसके पहले ही हादसा हो गया। जिला अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि विश्वराज पिता अजय सिंह उम्र 17 निवासी गौरव नगर चाणक्यपुरी चौराहे पर जा रहे थे। तभी स्कूटी का ब्रेक कंट्रोल नहीं हुआ और यह दीवार में जा टकराए। इन्हें अस्पताल लाया गया था लेकिन उसकी हृदयगति रुक चुकी थी।

### विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**देवास।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश मधुसूदन मिश्र के मार्गदर्शन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई) में पौधारोपण कर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में द्वितीय जिला न्यायाधीश उमाशंकर अग्रवाल ने संबोधित करते हुए विधिक सहायता संबंधी जानकारी दी।

## जागरूकता अभियानः वन स्टॉप सेंटर ने छात्राओं को पीसीपीएनडीटी एक्ट की दी कई जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭देवास



जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ वूमेन देवास के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर देवास की शिल्पा गहलोत एवं शर्मिला परमार द्वारा बीसीजी हायर सेकेंडरी स्कूल देवास में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राचार्य विनीत गौतम की उपस्थिति में स्कूल की छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, पीसीपीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी गई। योजना का उद्देश्य बताते हुए जिला मिशन समन्वयक गीता ठाकुर द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना और पीसीपीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा बालिका लिंगानुपात बढ़ाने व बालिकाओं को शिक्षित करने तथा स्वरोजगार तकनीक से जोड़कर देश के आर्थिक सामाजिक विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## पूर्णाहूति के साथ चंडी महायज्ञ का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭देवास




चामुंडा टेकरी पर 20 जून से चल रहे माँ चामुंडा प्रकटोत्सव एवं चण्डी महायज्ञ का समापन 26 जून को हुआ। अभिजीत मुहूर्त में यज्ञाचार्य पं. सुभाष रावल एवं वैदिक पंडितों ने यज्ञ पूर्णाहूति करवाई गई। इस अवसर पर विधायक गायत्री राजे पवार, महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, गणेश पटेल, धर्मेन्द्रसिंह बैस, पूर्व पार्षद राजेश यादव सहित उपस्थितजनों ने आहूतियां अर्पित की। पूर्णाहूति के पश्चात परिक्रमा मार्ग पर निकली कलश यात्रा में बडी संख्या में महिला पुरूषों ने भाग लिया। इसके पश्चात पुजारी परिवार एवं जनसहयोग से भंडारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने माता का महाप्रसाद ग्रहण किया। भंडारा देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष अशोक पुजारी, मुकेश पुजारी, महेश पुजारी, संदीप पुजारी, विनय पुजारी, सुरेश पुजारी, अभिमन्यु पुजारी, संतोष पुजारी, संतोष पुजारी, रितेश पुजारी, कालु पुजारी, परेश रामी सहित समिति सदस्यों के साथ देव स्थान प्रबंध समिति, निगम प्रशासन, पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा।।

## जल संचय करने के लिए विधायक ने कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭देवास



जिला प्रशासन एवं नगर निगम तथा सामाजिक संस्थाओं के सामूहिक प्रयासों से चलाए जा रहे जल संचय, छत का पानी जमीन मे रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से बोरवेल में डाले जाने के लिए जल संवर्धन अभियान के अन्तर्गत मंगलवार सायं 7 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में विधायक गायत्री राजे पवार की विशेष उपस्थिति मे महापौर, सभापति, पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बैठक आहूत की। जनप्रतिनिधियों की बैठक में महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, इस अभियान से जुड़े पदाधिकारी सुनिल चतुर्वेदी, मोहन वर्मा, श्रीकांत उपाध्याय, गंगासिह सोलंकी, नोडल अधिकारी प्रियंका मिमरोट उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विधायक ने निगम के उपस्थित पार्षदों एवं पार्षद प्रतिनिधियों को अपने अपने वार्ड क्षेत्र मे शुरुआती बारीश मे ही इस जन आंदोलन से जुडने तथा जल संचय हेतु रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अधिक से अधिक संख्या मे लगवाए जाने हेतु कहा। विधायक ने घोषणा करते हुए कहा की सबसे अधिक रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने वाले वार्ड को 20 लाख रुपये की विधायक निधि विकास कार्य के लिए दी जावेगी। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित महापौर ने सभी उपस्थित पार्षदों से अपने अपने वार्ड मे जल संचय को लेकर नागरिकों मे जागरूकता लाने हेतु कहा। सभापति रवि जैन ने बताया कि घरों का नक्शा पास करते समय एक राशि रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए निगम में जमा करवाई जाती है। रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम करवाकर नागरिक अपनी जमा राशि निगम से वापस ले सकते है। अग्रवाल ने बताया कि इस जल संचय के अभियान मे हमारा दायित्व बनता है कि जिन घरों मे बोरवेल है उन घरों मे शत प्रतिशत रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर करोडो लीटर बारीश का पानी पुनः जमीन मे डालकर बंद पडे बोरवेल को भी जीवित करने का कार्य कर सकते है। कलेक्टर ने कहा कि जल संचय और पानी बचाने की इस मुहिम को जो अब जन आंदोलन के रूप में सामने आ रहा है सभी का सहयोग अपेक्षित है,जिससे इस मौसम में शहर में करोड़ों लिटर पानी बचाने का लक्ष्य पूरा किया जा सकेगा। मुहिम के सहयोगियों और वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाने वाले नागरिकों को प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

## साध्वी का चातुर्मास के लिए कल होगा नगर प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭देवास



श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड पर इस वर्ष कलिकुंड तीर्थ उद्धारक आचार्य राजेन्द्र सूरीश्वर के शिष्य गच्छाधिपति राजशेखर सूरीश्वर की सुशिष्या साध्वी शुभवर्धना श्रीजी, जयवर्धना श्रीजी एवं निर्वाणवर्धना श्रीजी आदि का चातुर्मास संपन्न होगा। इस हेतु देवास में नगर प्रवेश 28 जून शुक्रवार को होगा। इस अवसर पर सागर समुदाय वर्तिनी साध्वी पद्मलता श्रीजी आदि ठाणा 3 विशेष रूप से उपस्थित रहेंगें। अधिकांशतः गुजरात में विचरण करने वाले इन साध्वी का मालवा प्रांत में यह प्रथम चातुर्मास है। नगर प्रवेश से चातुर्मास प्रारंभ 15 जुलाई तक विभिन्न विषयों पर आपकी सारगर्भित प्रवचन श्रृंखला आयोजित की जाएगी। प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि 28 जून को प्रातः 5.30 बजे उज्जैन रोड इटावा से नगर प्रवेश करेंगे। तत्पश्चात ताराणी कालोनी स्थित सजनबाई अमोलकचंद जैन मामा अशोक जैन पटवारी के निवास पर पदार्पण करेंगे। यहां पर सकल श्री संघ की नवकारशी का विशेष आयोजन होगा। यहां से प्रातः 8.30 बजे नगर प्रवेश की शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो कि सिविल लाइंस स्थित मुनिसुव्रत स्वामी मंदिर उपाश्रय पर संपन्न होगी। यहां पर विशाल धर्मसभा एवं संघ पूजन का आयोजन होगा। 29 जून से 14 जुलाई तक सिविल लाइंस उपाश्रय में विभिन्न विषयों पर आपकी सारगर्भित प्रवचन श्रृंखला आयोजित होगी। जिसमें बड़ी संख्या में धर्मवाणी श्रवण करने वाले भक्त पधारेंगे। ट्रस्ट मंडल संरक्षक विलास चौधरी, अशोक जैन पटवारी, अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी एवं ट्रस्टी अजय मूणत, राकेश तरवेचा, भरत चौधरी, अतुल जैन, दीपक जैन, सुधीर जैन, गौरव जैन भोमिया, राजेन्द्र जैन गौतमपुरा, अनूप शेखावत, अंकित जैन, मनोज कटारिया, संतोष सेठिया, अशोक जैन, सुशील कुमार बम आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

### रोजगार मेले में 19 कंपनियों ने भाग लेकर विभिन्न पदों पर युवाओं की भर्ती की

# जिला स्तरीय रोजगार मेले में 391 युवाओं को मिला रोजगार





हरिभूमि न्यूज ⏭देवास

जिले युवाओं को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन आई.टी.आई. परिसर विकास नगर चौराहा देवास किया गया। जिला स्तरीय रोजगार मेले में कम्पनी द्वारा 391 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। रोजगार मेले में 50 आवेदकों को वीई कमर्शियल एवं क्वीज कार्पोरेशन द्वारा मेला स्थल पर ही ऑफर लेटर दिये गये। आई.टी.आई. परिसर विकास नगर चौराहा पर आयोजित हुए रोजगार मेले में कुल 726 आवेदको द्वारा पंजीयन कराया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ द्वितीय जिला न्यायाधीश देवास उमाशंकर अग्रवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अभिलाषा एन. मवार, आई.टी.आई प्राचार्य सी.एल.कटारे ने फीता काट कर किया। आयोजित हुए रोजगार मेले में इन्दौर, पीथमपुर से वीई कमर्शियल, निनामा प्रा.लि., जीजी ऑटोमेटीव, क्योस कार्पोरेशन, सनफार्मा लेब्रोरेटरी, टाटा लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम, आर.के कम्बाईन, बीएबल इन्दौर सहित कुल 19 कम्पनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा ट्रेनीज, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बिजनेस डेव्हलेपमेंट, एक्जीक्युटिव असिस्टेंट, हेल्पर आदि पदों पर भर्ती की गई।

## घर-घर जाकर पिलाई पोलियों की खुराक



हरिभूमि न्यूज ⏭बागली

पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत मंगलवार के दिन खुराक से वंचित रहे जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को बागली नगर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर पहुंचकर पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा कारपेंटर एवं आशा कार्यकर्ताओं के साथ बच्चों को खुराक पिलाने पहुंची। जहां पर अध्यक्ष द्वारा अपने हाथों से बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस दौरान आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता भी उपस्थिति रही।

खबर संक्षेप

### हृदय विशेषज्ञ डॉ हीरा दलोद्रिया हुए सम्मानित



**आष्टा।** भारतीय पोडिएट्री एसोसिएशन द्वारा कल 23 जून को इंदौर की होटल एसेंशिया में एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजित इस सम्मेलन में जिला स्तरीय रोगियों के प्रति उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए कई डॉक्टरों का उनकी उत्कृष्ट सेवाओ के प्रति सम्मानित किया गया। इस आयोजित सम्मान समारोह में सीहोर जिले से आष्टा के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हीरा दलोद्रिया को भारतीय पोडिएट्री एसोसिएशन की ओर से उनके द्वारा 40 वर्षो तक दी गई उत्कृष्ट सेवाओ के प्रति सम्मानित किया गया।सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉक्टर उमेश मसन्द ने बताया कि इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए 400 से अधिक प्रतिभागी डॉक्टर्स उपस्थित हुए। उक्त सम्मान पाने पर सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ जीडी सोनी,अल्फा पैथोलॉजी लेब के संचालक राहत अली,डॉ अतुल उपाध्याय सहित स्वास्थ के क्षेत्र में कार्य करने वाले अनेकों लोगो ने बधाई दी।

### जिंप की सामान्य सभा की बैठक 27 को


सीहोर। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में 27 जून को दोपहर 3 बजे आयोजित की गई है। बैठक में कृषि विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिम जाति कल्याण विभाग की समीक्षा एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## पीड़ित मरीजों ने प्रेस वार्ता कर डॉक्टर पर लगाए गंभीर आरोप

# मरीज का आरोप: आंखों के ऑपरेशन के बाद जो पहले दिखता था वह भी हुआ बंद

ऑपरेशन के बाद पीड़ित मरीजों ने सीएम हेल्पलाइन के साथ जिम्मेदार अधिकारियों से भी डॉक्टर की शिकायत की।

हरिभूमि न्यूज ⏭आष्टा



मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा प्रारंभ की है, ताकि समय पर सहायता मिलें, लेकिन यहां सिविल अस्पताल में आने वाले बच्चे मरीज को डॉक्टर अरुप विश्वास देखने से इंकार करते हैं और लोगों की आंखों का ऐसा आपरेशन जिला चिकित्सालय में बुलाकर करते हैं कि जो उन्हें पहले दिखाई देता था वह भी बंद हो गया। स्थानीय सिविल अस्पताल में एक डॉक्टर चर्चाओं का केंद्र बना हुआ है। कई महिनों से सिविल अस्पताल में आंखों की जांच कराने आने वाले मरीजों को वहां पदस्थ डॉक्टर अरुप विश्वास सीहोर जिला चिकित्सालय में बुलवाकर ऑपरेशन करते है। अधिकांश लोगों की आंखों का ऑपरेशन करके उनकी आंख से जो पहले दिखता था वह भी दिखना बंद हो गया है। ऐसे एक- दो नहीं अनेकों प्रकरण प्रकाश में आए हैं। इस संबंध में जिला चिकित्सालय में पदस्थ आंखों के विशेषज्ञ को भी पीड़ित लोगों ने अवगत कराया, लेकिन उक्त चर्चित डॉक्टर पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

जिसका परिणाम यह है कि कई वृद्ध लोग अपनी आंखों को गंवा चुके हैं। वहीं उक्त चिकित्सक ने अभी कुछ दिनों पहले ही सिविल अस्पताल में आकस्मिक ड्यूटी के दौरान बच्चे का उपचार करने से मना कर दिया था और कहा था कि वार्ड में ले जाओ सिस्टर इलाज करेगी। इस मामले में तो डॉक्टर को नोटिस दिया है, लेकिन आंखें खराब करने के मामले में अभी तक जिले के जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है। अपनी आंखें गवा चुके रतन सिंह पिता जोरावर सिंह निवासी पटाड़ा चौहान, सुशीला बाई पत्नी श्रीकिशन तंबोली निवासी गंज आष्टा, गुड्डू पिता रामाजी निवासी डोराबाद तथा राजेंद्र पिता बालमुकुंद निवासी अलीपुर आदि ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर उक्त कथित चिकित्सक डॉक्टर अरुप विश्वास की लापरवाही के संबंध में जानकारी दी और शासन तथा जिला प्रशासन से मांग की कि ऐसे लापरवाह डॉक्टर पर कार्रवाई की जाए तथा बर्खास्त किया जाए ,ताकि अन्य लोगों की आंखों की रोशनी खराब ना कर सके।

पत्रकार वार्ता के दौरान सुशीला बाई तंबोली,रतनसिंह ठाकुर आदि ने बताया कि सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अरुप विश्वास ने अनेक लोगों की आंखों के आपरेशन जिला चिकित्सालय में करके आंखें खराब कर दी। भाजपा नेता कृपाल सिंह पटाडा के चचेरे बड़े भाई रतनसिंह पटाडा एवं गंज धोबीपुरा के श्रीकिशन तंबोली की पत्नी सुशीला बाई, अलीपुर के राजेंद्र पांचाल,डोराबाद के गुड्डू सहित अनेक लोगों की डॉक्टर अरुप विश्वास ने जो पहले आंखों से दिखता था वह भी दिखना बंद हो गया। सुशीला बाई ने कहा डॉक्टर अरुप विश्वास ने एक - दो नहीं अनेकों आई ड्रॉप लिखें, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पत्रकार वार्ता के दौरान पीड़ित लोगों ने कहा कि ऐसे डॉक्टर को संबंधित जिले के अधिकारी कार्रवाई करने से क्यों पीछे हट रहे हैं।

रतनसिंह ठाकुर ने तो 22 जून को सीएम हेल्पलाइन में भी उक्त डाक्टर की शिकायत दर्ज कराई है। अपनी आंखें गवां चुके इन लोगों ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी,कलेक्टर प्रवीण सिंह, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर आदि जनप्रतिनिधियों को इस मामले को गंभीरता से लेकर अन्य मरीजों की आंखें खराब करने से बचाना चाहिए। बीएमओ ने इस मामले में बताया कि हमारे पास लिखित में शिकायत नहीं आई है ,लेकिन वीडियो मरीजों के अवश्य आए हैं, डॉ अरुप विश्वास को हिदायत दी जाएगी कि जब तक आंखों के ऑपरेशन में पारंगत नहीं होते तब तक मरीजों की आंखों के आपरेशन नहीं करें। बच्चे का उपचार आकस्मिक डयूटी के दौरान नहीं करने पर डॉक्टर अरुप विश्वास सहित चार डॉक्टरों को नोटिस जारी किए हैं।

# विधायक सिंह ने सीबी नॉट मशीन का किया लोकार्पण

रोगी कल्याण समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭आष्टा

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की मिटिंग सिविल अस्पताल आष्टा के बीएमओ कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर करने हेतु कई विषयो पर चर्चा हुई। सवर्प्रथम सीबी नॉट मशीन का लोकार्पण किया गया। जिससे मरीज को टी.बी. की बीमारी के विशेष परीक्षण हेंतु जिला चिकित्साल में नहीं जाना पडेगा। बैठक के दौरान आय- व्यय 2023 - 24 प्रस्तुत किया गया जिसे सवर्सम्मति से पास किया गया। विधायक द्वारा अस्पताल में संचालित पीआईसीयू, आईसीयू, के लिए अतिरिक्त डॉक्टर और स्टाफ की उपलब्धता हेतु शासन को पत्र लिखना, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता पूर्ण करना, इमरजेंसी में मरीज की सुविधा के लिए टीनशेड का निमार्ण करना, नयें सीसीटीवी कैमरे लगवाना, सामान्य ऑपरेशन थियेटर के लिए आवश्यक सामग्री और उपकरण उपलब्ध करना, मरीज के शुद्ध जल हेतु वाटरकुलर खरीदना, राष्ट्रीय कायर्क्रम मुस्कान के लिए रजिस्टर, आई ई सी प्रिंट एवं सामग्री आदि क्रय करना, मरीजो के स्वास्थ्य के आक्सीजन का सेंन्सर एवं अर्थिंग की राड आदि क्रय करना, स्ट्रीट लाइट, पानी की टंकी के साथ छोटे मोटे मरम्मत कार्य पूरे करना, विधायक द्वारा डायलेसिस में भर्ती मरीजो के लिए एलईडी टीवी को दान स्वरूप अस्पताल में स्थापित करना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, कुएं एवं बोरिंगं का कार्य नगर पालिका द्वारा पूरा किया जाना, विधायक द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों व आम जनता को शुद्ध व ठंडा पानी उपलब्ध कराने हेतु जन सहयोग से वाटर फिल्टर प्लांट अस्पताल में स्थापित करने हेतु कहा गया।

उक्त मीटिंग में विधायक गोपालसिंह, जनपद अध्यक्षा दीक्षा सोनु गुणवान, अनुविभागिय अधिकारी आष्टा, वरिष्ठ चिकित्सक, बीएमओ डॉ. सोनी सचिव रोकस, एमके पंचोली एसडीओपी पीडब्ल्युडी सहित अस्पताल कमर्चारी उपस्थित रहे।

# शिक्षण शिविर हमें सम्यक ज्ञान का मार्ग बताता है: विनत सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭आष्टा





आप लोगो ने अनेक प्रयास कर के जो दस दिनों तक शिक्षण शिविर आयोजित कर धर्म आराधना की है स्वाध्याय किया है यह ज्ञान निर्रथक नही जाएगा यह ज्ञान एक दिन सम्यक ज्ञान में परिवर्तीत होकर हम सभी को भवो भवो तक हमारे सम्यक दर्शन में सहायक होगा। इसी तरह आप लोग अपने समय का सद उपयोग धर्म आराधना में ही लगाया करें। उक्त उदगार आचार्यश्री विनम्र सागर महाराज के शिष्य मुनिश्री विनत सागर ने श्री भूतबली सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर के समापन अवसर पर व्यक्त किये विगत दस दिनो से बाल ब्रम्हचारी संजय भैया पठारी के निर्देशन एवं सानिध्य में किला मंदिर में शिक्षण शिविर का आयोजन चल रहा था जिसका आज विधिवत समापन समारोह परम पूज्य मुनिश्री विनत सागर एवं मुनिश्री विश्वमित्र सागर व ब्रम्हचारी संजय भैया के सानिध्य में व ऋतु जैन जिला अध्यक्ष भाजपा, कोमल जैन अटल, मुकेश बड़जात्या, धनरूपमल जैन के मुख्य आतिथ्य में भव्य समारोह सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर समाज के संरक्षगण कैलाश चंद जैन, दिलीप सेठी, विधान चंद जैन, धनरूपमल जैन, मनोज जैन सुपर, समाज के अध्यक्ष आनंद जैन महामंत्री कैलाश जैन,एवं समाज जनो की महती उपस्थिति में अतिथियों द्वारा शिक्षण शिविर के प्रतिभागियों को पुरुष्कृत किया गया।

संजय भैया जी ने कहा कि हमने शिविर लगा कर आप लोगो को जो भी विषय अध्ययन करवाया है इनका आप निरन्तर अभ्यास बनाये रखना नित्य ही इन विषयों के स्वाध्ययाय करते रहना तभी हमारा इतना समय देना सार्थक होगा,एक दिन आप नित्य स्वाद्ययाय अपना अंतिम लक्ष्य प्राप्त करेंगे,इस्टोपदेश ग्रन्थ में कुं मुस्कान श्रीमोड, श्वेता जैन ,वही द्वितीय स्थान पारस जैन. श्रुति जैन वही तृतीय स्थान अंकित जैन ,पर्व जैन पोरवाल ने प्राप्त किया क्षहढाला में प्रथम स्थान स्वाति जैन, संतोष कुमार जैन,कु. वंशिका जैन द्वितीय स्थान कुं परी जैन दीप्ति जैन,राजेन्द्र जैन,तृतीय स्थान वैभव जैन विमला जैन सचिन जैन ने प्राप्त किया बाकी सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरुष्कार से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र जैन ने शिविर के विषय मे अपने विचार में कहा कि शिविर से हमे एक अलग ही माहौल मिला है आदरणीय भैया जी ने जो हमे मार्ग बताया है उसे हम अपने जीवन मे उतारकर सदुपयोग करेंगे,दस दिनों में समाज मे अलग ही वातावरण निर्मित हो गया था।

# अघोषित बिजली कटौती के विरोध में रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर



बारिश पूर्व मेंटनेंस के नाम पर काटी गई बिजली के बाद भी मंडी क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती का दौर जारी है। बीते कुछ दिनों से दिन-रात में 10-10 घंटे बिजली कटौती की जा रही है, इससे मंडी क्षेत्र के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। नागरिकों के आक्रोश के बाद सोमवार को विद्युत वितरण कंपनी के तीन अफसर पार्षद प्रतिनिधि दिलीप राठौर के ऑफिस पहुंचे, जहां पहले से ही मंडी क्षेत्र के नागरिक मौजूद थे।

नागरिकों के आक्रोश व सौंपे गए ज्ञापन के बाद बिजली कंपनी के अफसरों ने आश्वासन दिया है कि आगामी 10 दिन में व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएगी, फिर कटौती नहीं होगी। मंडी क्षेत्र में निवासरत लोगों को आए दिन इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में वार्ड 23 के पार्षद प्रतिनिधि दिलीप राठौर, वार्ड 22 के पार्षद प्रतिनिधि विशाल राठौर, पूर्व पार्षद रामप्रकाश चौधरी सहित मनीष तिवारी, हरीश राठौर, सुरेन्द्र राठौर, राजू काका, मारुति राव, ओमप्रकाश रैकवार, महेश सेन, मुकेश गौर, बद्री, अंकित शाह, अप्पू राठौर, चेतन वास्तवार, अनिल मालवीय, धर्मेन्द्र राय, कवि छोकर, रवि पांडे, माजिद खान, सचिन गुजराती, मोहसिन लाला, आमिन लाला, हरेन्द्र सिंह ठाकुर, ऋषभ नाथ आदि मौजूद थे।

### क्लब के सभी अध्यक्षों का हुआ सम्मान




**आष्टा।** विगत दिवस देवास में इनर व्हील क्लब के सभी अध्यक्षों का सम्मान हुआ, इसी कड़ी में आष्टा मंडल 304 को भी सम्मानित किया समारोह ।देवास में सक्सेस फुल होस्टिग अवार्ड फंक्शन में सभी क्लब प्रेसिडेंट अपने पदाधिकारियो के साथ उपस्थित हुए । डिस्टिक प्रेसिडेंट बीना शाह ने अपने सभी पदाधिकारी के साथ मिलकर अवार्ड समारोह आयोजित किया इनर व्हील सदस्यों के सहयोग से पूरे हुए लगभग 3 करोड़ के 1800 सर्विस प्रोजेक्ट हुए जिसके चलते सभी क्लब को सम्मान किया ।आष्टा क्लब को एसोसिएशन गोल्स वा नेशनल वा डिस्टिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्ष जयश्री शर्मा को आउट स्टेन डिंग प्रेसिडेंट के द्वारा भी अवार्ड दिया गया, वही क्लब की सेकेट्री संगीता सोनी को भी बेस्ट सेकेट्री का अवार्ड मिला। आष्टा क्लब की अध्यक्ष जयश्री शर्मा ने सभी क्लब की सेकेट्री संगीता सोनी ,उपाध्यक्ष रीना शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉक्टर अर्चना सोनी ,एडीटर सीमा बैरागी आई एस ओ वैशाली जाधव, पत्रकार किरण रांका,एवं सभी सीनियर मेंबरों के साथ सभी पदाधिकारियों सहित पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

# ग्रामों के विकास हेतु धन की कोई कमी नहीं आने दूंगा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭आष्टा



जावर मंडल के अंर्तगत विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क कर आम जन मानस की समस्या सुनी एवम् ग्रामीण जनों की मांग पर विकास कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

ज्ञात हो की कुछ दिन पहले विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा जनपद पंचायत आष्टा में सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए की विकास कार्यों पर सौ दिन काम करना विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा जिसकी शुरुआत रविवार से ग्राम चिन्नोठा,लाखिया, कोनदक पुरा ग्राम पहुंचकर वहां के ग्रामीणों और किसान बंधुओ से चर्चा की इसी प्रकार नानजी पुरा में देव दर्शन कर कमल सिंह पडियार का सम्मान किया ग्राम उरली कुरली गाजना में किसानो एवम् ग्रामीण जनों से मुलाकात की एवम तुरंत संबंधित अधिकारियों से बात कर निराकरण किया इसी के साथ भारतीय जनता पार्टी की राज्य और केंद्र सरकारों की विभिन्न योजनाओं को विस्तार पूर्वक समझाया प्रधानमंत्री आवास योजना, से पक्के मकान किसान सम्मान निधि आयुष्मान कार्ड से ईलाज लाड़ली बहना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना के साथ कन्यादान योजना के लाभ किस तरह मिलेंगे। प्रति दिन विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में जनसंपर्क कर लोगों के बीच पहुचेगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण युवा साथी मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

## मालवकीर्ति का ससंघ हुआ मंगल प्रवेश, श्री महावीर भवन में दिए आशीष वचन

# दुनिया की जानकारी गूगल पर आत्मा की जानकारी अपने अंदर मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭आष्टा



राष्ट्रसंत आचार्य आनंदऋषि महाराज, वल्लभ कुंवर महाराज की सुशिष्या उपप्रवर्तनी साध्वी मालव कीर्तिसुधा ने नगर प्रवेश किया। श्री महावीर भवन स्थानक में आशीष वचन देते हुए कहा कि बड़ी पुण्य वाणी होती है। जब साधु -संतों का योग मिलता है और उससे ज्यादा पुण्यवाणी पर साधु- संतों का अपने घर में आने का सौभाग्य प्राप्त होता है और ज्यादा पुण्यवानी होने से सुपात्र दान देने का योग बनता है। अपनी पुण्यवानी और भी अधिक होने से जिनवाणी सुनने का अवसर मिलता है। आप लोगों की पुण्यवाणी ही है कि आप लोगों को यह शुभ अवसर सहज में ही प्राप्त हुआ है। आष्टा संघ बहुत भाग्यशाली है यहां पूज्यपाद त्रिलोक ऋषि महाराज साहब, पादअमोलक ऋषि महाराज साहब, गुरणी मैय्या वल्लभ कुंवर महाराज साहब का विचरण क्षेत्र रहा है और आष्टा संघ पर उनका बहुत उपकार रहा है। आपने कहा कि हमारी जिंदगी दो पटरी पुण्य और पाप पर चल रही है। पुण्योदय से सारी अनुकूलता मिलती है और पाप के उदय से प्रतिकूलता मिलती है। पुण्य अर्जन करने में कभी भी पीछे नहीं हटना। पुण्य अनुकूल हो तो परिवार भी अनुकूल मिलते हैं। मान-सम्मान भी मिलेगा। मनचाहा काम होगा। मालवकीर्ति ने बताया कि पुण्य 9 प्रकार के होते हैं और ये आत्मा के खजाने की चाबी है। पुण्य कमाने का सुअवसर मानव भव में है। सहजता से जो किया जाता है वह हमें की गुणा लाभ देता है। रास्ते चलते यदि हम संतों को नमस्कार करते हैं तो सहज ही पुण्य का बंध हो जाता है। पुण्य किसी को दगा नहीं देता है और पाप किसी का सगा नहीं होता है। एक पुण्य 18 पापों को नष्ट कर सकता है। उन्होंने कहा कि संसार की हर चीज की जानकारी गूगल पर मिल जाएगी, लेकिन आत्मा की जानकारी गूगल पर नहीं अपने अंदर मिलेगी।

# श्यामपुर पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭श्यामपुर

थाना प्रभारी संध्या मिश्रा व पुलिस स्टाफ द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे लोगो के बीच बातचीत कर उन्हे नशे से हो रहे दुष्प्रभावों को बताते हुए नशे की लत से दूर रहने की अपील की। साथ ही सामाजिक लोगो से भी नशा मुक्ति हेतु सहयोग किये जाने की अपील की जा रही है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान और बीमारियों के बारे अवगत कराया गया। साथ ही स्कूल मे कार्यरत शिक्षकगणों से भी अपील की है की विद्यालय मे नशे के प्रति जागरूकता का प्रचार प्रसार करें।

### ट्रैक्टर मालिकों ने पुलिस का किया अभिनंदन, 8 आरोपियों की तलाश जारी

# चोरी के 6 ट्रैक्टरों के साथ 12 पकड़ाए इन्हें चार राज्यों से ढूंढकर लाई पुलिस

### चोरी के माल को एक नंबर में करने राजस्थान आरटीओ की संलिप्तता भी उजागर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गंभीर अपराधों की पड़ताल में लगी जिला पुलिस ने चोरी की वारदातों के संबंध में एक और बड़ा खुलासा किया है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने राजस्थान, यूपी, हरियाणा, पंजाब राज्यों में पहुंचकर जिले के विभिन्न थानों से चुराए गए 6 ट्रैक्टरों को पकड़ा है। इसके साथ ही चोरों समेत माल के खरीदार और मामले में संलिप्त 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही चोरियों की घटनाओं में शामिल 8 आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस की टीमें लगातार उन्हे खोजने में लगी हुई हैं। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने मंगलवार अपरान्ह अपने दफ्तर में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। बरामद हुए माल की कीमत लगभग 42 लाख रुपए बताई जा रही है।

#### इन थानों से चोरी हुए थे ये 6 ट्रैक्टर्स

गत 4 मार्च की दरम्यानी रात्रि खिलचीपुर थाने के ग्राम अंबावता, 4 अप्रैल को सुठालिया थाने के ग्राम गोरधनपुरा, 27-28 फरवरी को नरसिंहगढ़ के संजय नगर से ट्रैक्टर चुराए गए थे। वहीं तलेन क्षेत्र में दो ट्रैक्टर्स को अमानत मे खयानत कर गायब कर दिया गया था। इन्हीं ट्रैक्टर्स को पुलिस विवेचना के दौरान आरोपियों, खरीदारों से पकड़कर लाई है।

#### वारदात का तरीका, आरटीओ कर्मचारी भी शामिल

*घटना से चार-पांच दिन पहले गिरोह के सदस्य रैकी करते थे। रैकी के बाद चोरी का स्थान व ट्रैक्टर चिन्हित करके राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, यूपी में इन ट्रैक्टरों के इंजन नंबर और चेचिस नंबर बदलकर सस्ते दामों में भेज दिया करते थे। एसपी आदिया मिश्रा ने बताया की चोर गिरोह थ्री लेयर सिस्टम से चोरी करके माल को ठिकाने लगाता था। कुछ आरोपी वारदात को अंजाम देते थे। बाहरी राज्यों के पूर्व निर्धारित लोग उन्हें खरीदते थे वहीं राजस्थान के सवाई माधोपुर आरटीओ के कुछ कर्मचारी चोरी के ट्रैक्टर की आरसी (रजिस्ट्रेशन) ओके करवाते थे। ऐसे में चोरी के ट्रैक्टर को कोई पकड़ नहीं पाता था। हालांकि, इस बार ये लोग आरटीओ के जरिए यह सब करवा पाते, उसके पहले ही पुलिस ने सभी को दबोच लिया।*

#### ये हैं वे 12 शातिर लोग जो वारदातों में शामिल

*पकड़ाए गए आरोपियों में जसवीर पिता रेशम सिंह निवासी मनसा पंजाब, मुस्ताक पिता इस्माइल निवासी मीराबस्ती थाना कैथुन जिला कोटा राजस्थान, आदिल पिता अजीज खान निवासी अप्पूखेड़ी जिला झालावाड़ राजस्थान, बिलाल खान मेवाती निवासी बामन गांव थाना डांगीपुरा राजस्थान, काशीराम भील निवासी मोगियावे थाना डांगीपुरा जिला झालावाड़ राजस्थान, दीवान भील निवासी मोगियावे, प्रगट सिंह पिता सादा सिंह निवासी अबोहर पंजाब, आसिफ पिता अंसार अहमद अंता जिला बारा राजस्थान, मनोज पिता लक्ष्मी नारायण राठौर निवासी बारां राजस्थान, आबिद पिता अमीन खान बरसाना जिला मथुरा उत्तर प्रदेश, जीतराम पिता नाथूलाल मीणा लालसोट जिला दोसा राजस्थान, मोनू उर्फ मंटू पिता घनश्याम मीणा निवासी सवाई माधोपुर राजस्थान शामिल है।*


#### अन्य आरोपियों को तलाश रही पुलिस

*उक्त 12 आरोपियों के साथ ही चोरी की घटनाओं में शामिल 8 से 9 अपराधी ऐसे भी हैं जो अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इन सभी आरोपियों के संबंध में पुलिस जानकारी जुटाते हुए उन्हें पकड़ने के भरसक प्रयास कर रही है एसपी मिश्रा ने बताया की पुलिस की टीमे जल्द ही फरार आरोपियों को भी अपनी गिरफ्त में ले लेगी।*

# 5 दिन निकले, नहीं हो पाई दबंगों पर एफआईआर दर्ज

### पीड़िता से बोला - मामला दर्ज कराया तो जा सकती है नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



देश भक्ति और जन सेवा को चरितार्थ करने का वादा करने वाली पुलिस जब नेताओं के इशारे पर काम करने लगे तो पीड़ित का भगवान ही रखवाला है। मामला राजगढ़ पुलिस थाने से संबंधित है जहां पर नपाध्यक्ष द्वारा डराने व धमकाने एवं झूठे प्रकरणों की धमकी के बाद सहमी हुई पीड़िता व उसका परिवार जैसे तैसे थाने पहुंचा और वहां पर एफआईआर के लिए अपना आवेदन दिया, जिस पर पुलिस ने जांच कर एफआईआर का आश्वासन दिया, परंतु आज 5 दिन निकल गए हैं और पीड़िता परेशान होकर पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची जहां पर न्याय की गुहार लगाई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष का एक वीडियो सामने आया था जिसमें महिला स्वास्थ्य कर्मी को गाली-गलौज और धमकी देते हुए नजर आ रहे थे। जिसके बाद महिला स्वास्थ्य कर्मी ने राजगढ़ थाना कोतवाली में राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पर मारपीट और गाली गलौज करने का मामला दर्ज कराया था।

#### बयान के लिए थाने बुलाया तो वहां पर नेताओं का था जमाबड़ा

जनप्रतिनिधि होते हुए नपाध्यक्ष की ज्यादातियों से परेशान होकर एक ओर पीड़ित महिला स्वास्थ्य कर्मी नेहा वर्मा जब राजगढ़ थाना कोतवाली मामला दर्ज कराने पहुंचीं तो पहले तो एफआईआर दर्ज करने से मना कर दिया गया। उसके बाद जब बयान के लिए थाना कोतवाली ने नेहा वर्मा को थाने बुलाया गया तो वहां पीड़िता के बयान दर्ज करने से पहले थाना प्रभारी और मौके पर मौजूद कुछ नेताओं ने पीड़ित महिला से कहा कि अगर तुमने मामला दर्ज कराया तो तुम्हारी नौकरी भी जा सकती है। तुम सस्पेंड होगी। राजगढ़ थाने की पुलिस का यह रवैया देखकर सवाल खड़े हो रहे। जिस पुलिस का काम है कि पीड़िता को न्याय दिलाने का वहीं पुलिस पीड़िता को धमका रही है। पांच दिन से अधिक समय होने के बावजूद भी पीड़िता नेहा वर्मा की रिपोर्ट नहीं लिखी गई।

#### महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने पहले ही कहा था झूठे केस में फंसाया जाएगा

राजनैतिक रसूक के चलते पीड़ित महिला पहले ही दो दिन बाद अपने घर से निकलकर पुलिस थाने पहुंच पाई। पीड़िता का कहना है कि उनके घर के आसपास दो दिनों तक असामाजिक तत्व घूमते नजर आए जिससे डर कर वह घर से नहीं निकली। वहीं पीड़िता का कहना है कि हमने पहले ही पुलिस को बता दिया था कि नपाध्यक्ष हमें झूठे केस में फंसा सकते हैं और कुछ ऐसा ही हुआ। पीड़िता के पति पर छेड़खानी का आरोप लगाया गया है जिसका आवेदन राजगढ़ थाने में दिया गया है। जिससे पीड़िता की आवाज दवाई जा सके।

#### इनका कहना है...

हां आवेदन आया है उसकी जांच चल रही है। जैसे ही जांच पूरी हो जाएगी तो आगे कार्रवाई की जाएगी।

**बीरसिंह ठाकुर**, टीआई राजगढ़

# समर्पण और संस्कार का संगम पंचकुंडीय यज्ञ द्वारा प्रोग्रेसिव परिवार ने मनाया अपना 16 स्थापना दिवस



**ब्यावरा।** प्रोग्रेसिव परिवार ने अपना 16 स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। ब्यावरा शहर में प्रोग्रेसिव हाइटस की शुरुआत 2008 में की गई थी। इस खास मौके पर विद्यालय के प्रबंधक महोदय ने सभी अभिभावकों व शिक्षकों के सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस दिन के इस दिन के अवसर पर गायत्री परिवार के साथ मिलकर पंच कुंडी यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान छात्रों और अध्यापकों द्वारा पूर्ण आहुति दी गई। सभी ने मिलकर शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। इस यज्ञ के अनुष्ठान से स्कूल के छात्रों ने यज्ञ की महत्वता और उसके आध्यात्मिक तथा भौतिक लाभों के बारे में सीखा यह यज्ञ ब्रह्मयंत्र,देव यंत्र, पितृयंत्र ,भूतयंत्र और मनुष्ययंत्र के रूप में संपन्न हुआ जो कि हर व्यक्ति के जीवन में शुद्धि और संचार का निर्माण करता है। स्थापना दिवस बनाने के साथ इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में वैदिक संस्कारों का प्रचार और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ जिसमें सभी उपस्थित जनों ने संतोष और आनंद की भावना व्यक्त की। सभी ने मिलकर प्रसाद ग्रहण किया गायत्री परिवार के सदस्य हवलदार सिंह, किशोर जनोरिया एवं समस्त गायत्री परिवार की उपस्थित मे कार्यक्रम का समापन सकारात्मक तौर पर हुआ।

# दस्तक अभियान का नपाध्यक्ष पालीवाल ने किया शुभारंभ



**सारंगपुर।** मंगलवार को विकासखंड सारंगपुर में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा दस्तक अभियान का शुभारंभ पोषण पुनर्वास केंद्र सारंगपुर में भर्ती बच्चों को विटामिन ए पिलाकर किया गया। दस्तक अभियान 25 जून से 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद राकेश पुष्पद बाबूलाल अहिरवार, कमल शर्मा, गोपाल पाल, सुनील बागवान, भानु सिंह लववंशी, स्वास्थ्य विभाग से मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ डी बड़ोदिया बीपीएम जगदीश दांगी, बीई ईश्री एसएन नागर एफडी पूजा शिवहरे, अरुण दीक्षित पर्वत वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीण बैठे धरने पर, किया रोड जाम

### मामला खिलचीपुर-कुंडीबे मार्ग पर बाइपास रोड व रेलवे लाइन निर्माण कार्य का, बाइपास रोड और रेलवे विभाग वाले अधिकारियों से रखी रास्ते की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर से 3 किलोमीटर दूरी पर स्थित कुंडीबे गांव के पास रेलवे विभाग द्वारा रेलवे लाइन का कार्य तीव्र गति से जारी है। वहीं एनएच का भी निर्माण कार्य विभाग द्वारा तीव्र गति से चल रहा है। गांव कुंडी बे रेलवे विभाग ओर नेशनल हाईवे दोनों के लिए बीचों - बीच सेंटर पर है, जिस पर बरसों से पक्का रोड शासन द्वारा दिया गया है।

रेलवे ओर बाइपास रोड के निर्माण कार्य में यह बरसों से बना पक्का रोड अड़चन बन रहा है इस वजह से रेलवे विभाग व बाईपास एनएच रोड विभाग ने कुंडी बे रोड को बन्द कर दिया है, इसके विरोध में दर्जनों गांव के ग्रामवासी जन धरने पर बैठ रोड को चालू कराने की मांग को लेकर धरने पर बैठे। धरने पर बैठे ग्रामीण जनों प्रेम सिंह, सत्यनारायण निवासी कुंडी बे, जगन्नाथ सिंह, मोतीलाल, सुल्तान निवासी मेहराजपुरा, श्री लाल, हरि सिंह, कमल सिंह, जगदीश, हजारीलाल, कन्हैया लाल, भगवान सिंह, उमराव सिंह, हीरालाल, नरपत सिंह, धीरप सिंह आदि ने मीडिया को बताया कि यह रास्ता कुंडी बे, बरखेड़ा, मेहराजपुरा, मोडाखेड़ी, मोया खेड़ा, देवाखेड़ी, कुआं खेड़ा, कछोटिया, ढिगलियाखेडी, सेदरा, अंबावता, बाजरोन आदि गांव के लोगों के आने जाने का मुख्य रास्ता है, हमें यह रास्ता बंद न कर ब्रिज बनाकर नीचे से यह रास्ता चालू रखा जावे ताकि हम दर्जनों गांव के लोग इस रास्ते से आ जा सके , इस रास्ते से खिलचीपुर की दूरी मात्र 3 किलोमीटर है यदि यह रास्ता बंद किया तो हमें 15 किलोमीटर की दूरी तय कर खिलचीपुर आना जाना पड़ेगा, ऐसे में दर्जनों गांव के बच्चों को स्कूल आने जाने में 15 किलोमीटर का घूम खाकर आना जाना पड़ेगा, जिससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मीडिया द्वारा हमारी आवाज शासन तक पहुंचे, ओर शासन के मुख्यमंत्री तथा जिम्मेदार अधिकारी हमारी समस्या को गहराई से समझ कर रेलवे ओर बाईपास एन एच के नीचे ब्रिज बनाकर इस रास्ते को बंद ना करते हुए ब्रिज के नीचे से चालू रखा जावे, यही हमारी मांग है। यदि हमारी मांग को शासन द्वारा पूरा नहीं किया जाता तो हम जीरापुर रोड पर बैठकर धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम करेंगे, जिला कलेक्टर महोदय हमारी समस्या को देखें ओर हमारी आवाज मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर हमें न्याय दिलाकर बरसों से बने रास्ते को चालू रखवाएं।

#### इनका कहना है

हम निरीक्षण कर रहे हैं कि रोड को कहां से डाइवर्ट करें, ताकि लोगों की समस्या का हल हो सके।

**सुनील कुमार**
एसडीएम खिलचीपुर।

# अभाविप ने दिया कॉलेज प्राचार्य को अनियमितताओं को लेकर ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजगढ़ की ब्यावरा इकाई द्वारा नगर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया। जिसमें कॉलेज अध्यक्ष जीत शिवहरे ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा लगातार कॉलेज में आने वाली समस्याओं और कॉलेज की अनियमितताओं को लेकर प्राचार्य से बातचीत की गई। परंतु प्राचार्य द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न करते हुए बहाना ही दिया गया तब विद्यार्थियों को उचित आश्वासन प्राप्त न हुआ तो विद्यार्थियों ने विद्यार्थी परिषद के संज्ञान में विषयों को लाना उचित समझा। अभाविप के संज्ञान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय में होने वाली अनियमिताओं को लाया गया है जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बार-बार कॉलेज प्रशासन को कॉलेज में होने वाली अनियमितताओ की सूचना देने पर और विद्यार्थियों द्वारा मांग करने पर उन्हें पूरा नहीं किया जा रहा है जिनमें प्रमुख विषय है।



कॉलेज में परीक्षा चल रही है परंतु बार-बार देखने में आ रहा है कि परीक्षा के दौरान ही लाइट चली जाती है जिसकी कॉलेज व्यवस्था नहीं की गई। कॉलेज के शौचालय में लंबे समय से सफाई नहीं की जा रही। कॉलेज परिसर में लंबे समय से सफाई न करने के कारण जगह-जगह गंदगी दिखाई दे रही है। बार-बार प्राचार्य को अवगत कराने के बाद भी विद्यार्थियों के लिए सूचना की उचित व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षाओं के साथ-साथ प्रोजेक्ट और प्रैक्टिकल, सीसीए भी चल रहे हैं परंतु एक ही शिक्षक पर सभी जिम्मेदारी होने के कारण विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं जिसकी प्रशासन द्वारा अन्य कोई व्यवस्था नहीं की गई। महाविद्यालय में पार्किंग होते हुए भी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की गाड़ियां कॉलेज में अंदर लाकर के गेट के सामने लगाई जा रही है और कुछ गाड़ियों में तेज आवाज करना स्वभाव बन गया है जिससे विद्यार्थियों को परेशानी के साथ-साथ दुर्घटना होने की भी संभावना है। इसके पश्चात भी महाविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है एक विद्यार्थी की पार्किंग एरिया से बाइक चोरी हो गई जहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद पाएगा जब प्रचार से पूछा तो प्राचार्य द्वारा भी बहाना बना दिया गया और इसकी हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं बोल कर बात को टाल दिया गया। उक्त बातों को ध्यान में रखते हुए यह कहा जा सकता है कि महाविद्यालय प्रशासन कॉलेज में होने वाली अनियमितताओ को देखकर भी कार्रवाई न करने के कारण कॉलेज प्रशासन का लचीलापन दिखाई दे रहा है जो कि महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों के लिए उचित नहीं है अतः अभाविप आपसे आग्रह करती है कि उक्त विषयों को संज्ञान में लेकर तुरंत इन पर कार्यवाही करें।

# नपाध्यक्ष पालीवाल के प्रयासों से नपा सारंगपुर को मिली एक और सौगात

### एक ट्रैक्टर और मड पंप प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा लगातार नगर को सौगाते दी जा रही हैं। इसी क्रम में नगर सारंगपुर में एक ट्रैक्टर और मड पम्प शौचालय के टैंक खाली करने की मशीन की सौगात नगर को दी। गई भारत सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत नगर में शौचालयों को खाली करने एवं मालासुर जैसी खतरनाक बीमारियों से बचने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पालिका सारंगपुर को शासन द्वारा मड पम्प प्रदाय किया गया है। जिससे नगर के वार्ड मोहल्लो व्यावसायिक इलाको के शौचालय के टैंक को नगर पालिका में निर्धारित शुल्क जमा कराकर खाली कराया जा सकेगा।



नगर पालिका कार्यालय में ट्रैक्टर ओर मड पंप की पूजन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें स्वच्छता सभापति अमित गिरजे पार्षदगण बाबूलाल अहिरवार गोपाल पाल राकेश पुष्पद कमल शर्मा सुनील बागवान भानुसिंह लाववंशी सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी एल एस डोडिया व नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### 'आपातकाल कांग्रेस की सबसे बड़ी भूल थी, इसे देश कभी माफ नहीं करेगा'

# आपातकाल देश के इतिहास का काला धब्बा, यह कांग्रेस की मानसिकता का प्रतीक : रणवीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

भारतीय लोकतंत्र में अपनी कुर्सी को बचाने स्व. प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाया गया आपातकाल देश के संविधान पर कालिक पोतने वाला वह काला धब्बा था जो चिरकाल तक कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता रहेगा। भाजपा पर संविधान बदलने का दुष्प्रचार करने वाली कांग्रेस यह भूल गई की गांधी परिवार का इतिहास ही अपने स्वार्थ को बचाने के लिए संविधान को तोड़मरोड़ कर लोकतंत्र को कुचलने वाला रहा है।




गांधी परिवार की बहु और आज कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी उस समय भी परिवार में मौजूद थीं, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए तानाशाही अपनाते हुए 1975 में आपातकाल लगाकर देश के संविधान को कुचला था और लोकतंत्र की हत्या की थी।

उक्त उद्गार मंगलवार को मंडी परिसर स्थित भाजपा कार्यालय परिसर में निशा बंधिया का सम्मान करते हुए आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री पूर्व विधायक रणवीर सिंह रावत ने व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा अपने स्वार्थ के लिए लगाया गया आपातकाल कांग्रेस की सबसे बड़ी भूल थी। इसे देश कभी माफ नहीं करेगा। कांग्रेस के नेता संविधान को बदलने का दुष्प्रचार भाजपा के लिए कर रहे हैं, उस संविधान का गला घोंटने वाली तो स्वयं कांग्रेस है, जिसने हजारों राष्ट्र भक्तों को जेल में डालकर यातनाएं दी। कांग्रेस के उस काले इतिहास की 50वीं बरसी पर हमने मीसाबंदियों का सम्मान कर मनाने का निर्णय लिया।

#### मीसाबंदियों के परिजनों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान ब्यावरा शहर के मीसाबंदियों का स्मरण करते हुए उनके परिजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमित शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलबर यादव, दीपेंद्र सिंह चैहान, मोना सुस्तानी, जगदीश पवार, जिला उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर, रामनारायण दांगी, मानसिंह टोका, शैलेश गुप्ता, कमल सिंह पवार, जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी, सह मीडिया प्रभारी जगदीश दास, राजू यादव, ब्यावरा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह उपस्थित थे। संचालन साकेत शर्मा ने किया व आभार राधेश्याम पचवार्या ने माना।